लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, मोजाम्बिक, नामीबिया, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रिया के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों से मुलाकात की / LOK SABHA SPEAKER MEETS PRESIDING OFFICERS OF LEGISLATURES OF UAE, BANGLADESH, MOZAMBIQUE, NAMIBIA, ZIMBABWE AND AUSTRIA

…

संयुक्त अरब अमीरात के स्पीकर ने कोटा की तर्ज पर अपने यहाँ कोचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की बात कही / SPEAKER OF UAE PROPOSES TO BUILD COACHING INFRASTRUCTURE IN UAE ON THE LINES OF KOTA

…

भारतीय समुदाय ने संयुक्त अरब अमीरात की समृद्धि और स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है: लोक सभा अध्यक्ष / INDIAN COMMUNITY HAS PLAYED A KEY ROLE IN THE PROSPERITY AND STABILITY OF THE UAE : LOK SABHA SPEAKER

…

वियना, 9 सितंबर 2021 : माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में वियना गए भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने संसदों के अध्यक्षों के 5वें विश्व सम्मेलन (5WCSP) के बाद आयोजित 'आतंकवाद का मुकाबला करने संबंधी पहले वैश्विक संसदीय शिखर सम्मेलन'में भाग लिया। राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश ने भी इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया तथा 'आतंकवाद के पीड़ितों की सहायता करने के लिए संसदीय कार्यवाही' विषय पर आयोजित सत्र में अपने विचार व्यक्त किए ।

शिखर सम्मेलन में भाग लेने के साथ ही लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज संयुक्त अरब अमीरात की संघीय राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष, महामहिम श्री सकर घोबाश से मुलाकात की। इस बात का उल्लेख करते हुए कि संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के संबंध पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और सौहार्दपूर्ण रहे हैं, श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, बुनियादी सुविधाओं और हेरिटेज प्रबंधन सहित पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक सार्थक सहयोग किए जाने की संभावना है । लोक सभा अध्यक्ष ने श्री घोबाश को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित किए जा रहे 'आजादी का अमृत' महोत्सव कार्यक्रमों के बारे में बताया । सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और अन्य क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि देश प्रगति और समावेशी विकास के पथ पर अग्रसर हैं और हमारा उद्देश्य हमारे प्रत्येक नागरिक को लाभ पहुंचाना है।

श्री बिरला ने यह भी कहा कि लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिए सांसदों को महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में पूरी जानकारी

होनी चाहिए। संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (PRIDE) इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। श्री बिरला ने संयुक्त अरब अमीरात के सांसदों को लोक सभा सचिवालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभान्वित होने के लिए आमंत्रित किया।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि दोनों देशों के बीच सदियों से मजबूत आर्थिक संबंध रहे हैं, श्री बिरला ने द्विपक्षीय व्यापार को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच लगातार बढ़ते व्यापारिक संबंधों से विविध क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता और मजबूती आ रही है। यूएई में कोचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सहित शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना अन्य मुद्दे थे जिन पर बैठक में चर्चा की गई। यूएई के स्पीकर ने कोटा की तर्ज पर अपने यहाँ कोचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की बात कही और श्री बिरला से इस विषय में सहयोग मांगा । श्री बिरला ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय में भारत सरकार से बात करेंगे।

ऑस्ट्रिया गणराज्य की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष, महामहिम श्री वोल्फगैंग सोबोटका के साथ अपनी बैठक के दौरान, श्री बिरला ने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का उल्लेख किया और विशेष रूप से जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई । दोनों नेताओं ने भारत के सफल कोविड-19 टीकाकरण मॉडल और महामारी के बाद आर्थिक सुधार के बारे में भी बात की। श्री बिरला ने जानकारी दी कि भारत प्रतिदिन ऑस्ट्रिया की कुल जनसंख्या के बराबर संख्या में लोगों का टीकाकरण कर रहा है। बैठक के दौरान महिला सशक्तिकरण

और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने और समावेशी समाज के निर्माण के प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

बांग्लादेश की जातियो संसद की अध्यक्ष, महामहिम डॉ. शिरीन शर्मिन चौधरी के साथ अपनी बैठक में, श्री बिरला ने भारत में आज़ादी का अमृत महोत्सव और बांग्लादेश की स्वतंत्रता के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। इस बात को दोहराते हुए कि भारत बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, श्री बिरला ने डॉ शर्मिन के साथ दोनों संसदों की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं , कोविड-19 टीकाकरण, वैक्सीन मैत्री, महिला सशक्तिकरण, क्षमता निर्माण आदि जैसे कई मामलों पर चर्चा की । उन्होंने बांग्लादेश के सांसदों को PRIDE द्वारा दी जाने वाली प्रशिक्षण सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया।

मोजाम्बिक गणराज्य की असेम्बली की अध्यक्ष, महामहिम सुश्री एस्पेरंका बायस के साथ बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने, कोविड -19 का मुकाबला करनेऔर मोजाम्बिक के संसद सदस्यों के क्षमता निर्माण सहित पारस्परिक हित के कई मुद्दों पर चर्चा की।

दिन के दौरान, श्री बिरला ने जिम्बाब्वे की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, महामहिम श्री जैकब फ्रांसिस मुडेंडा से भी मुलाक़ात की और दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सौहार्दपूर्ण संबंधों के बारे में चर्चा की। भारत की कोविड रोकथाम

रणनीति, टीकाकरण कार्यक्रम और जिम्बाब्वे के सांसदों के क्षमता निर्माण पर भी चर्चा हुई।

इस सम्मेलन के दौरान, श्री बिरला ने नामीबिया की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष, श्री लुकास सिनिम्बो मुहा से भी मुलाकात की। श्री मुहा ने सांसदों और संग्रहालय विकास के लिए स्कॉलरशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संदर्भ में भारत द्वारा नामीबिया को दी गई सहायता के लिए धन्यवाद दिया । इस दौरान भारत और नामीबिया के बीच चीता बाघों के आदान-प्रदान और विशेष रूप से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के बारे में भी बातचीत हुई।

Vienna, 9 September 2021: Today, the Indian Parliamentary Delegation led by Speaker, Lok Sabha, Shri Om Birla participated in the First Global Parliamentary Summit on Counter-Terrorism held immediately after the 5th World Conference of Speakers of Parliament (5WCSP). Deputy Chairman, Rajya Sabha, Shri Harivansh also attended the Summit and delivered a speech during Session-I on the theme ‘Parliamentary Response to Support the Victims of Terrorism’.

On the sidelines of the Summit, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla met H.E. Mr. Saqr Ghobash, Speaker of Federal National Council of UAE, today. Observing that India’s relationship with UAE is traditionally warm and cordial, Shri Birla felt that both the countries need to engage more purposely in diverse areas of mutual interest, more prominently in the fields of health, education, tourism, infrastructure and heritage

management. Lok Sabha Speaker informed Mr. Ghobash about the ongoing Azadi Ka Amrit Mahotsav events, which are being organized on the 75th Anniversary of India's independence. Referring to India's achievements in social, political, economic and other fields, Shri Birla said that we are on the path of progress and inclusive growth which aims to benefit each one of our citizens.

Shri Birla observed that lawmakers should have sound knowledge base and understanding of critical issues to effectively articulate hopes and aspirations of the people and Parliamentary Research and Training Institute for Democracies (PRIDE) has been working to fulfill this goal. He invited the MPs of UAE to avail training programmes conducted by the Lok Sabha Secretariat.

Recalling that the two countries have enjoyed robust economic relations through the centuries, Shri Birla called upon them to further tap the potential of bilateral trade. He praised the fact that the ever expanding trade ties between India and UAE contribute to the stability and strength of a diversifying bilateral relationship. Strengthening education infrastructure, including coaching infrastructure in line with Kota, in UAE and providing employment avenues to the youth were the other issues which were discussed in the meeting. Speaker of UAE proposed to build coaching infrastructure in UAE on the lines of Kota and sought assistance from Shri Birla. Shri Birla assured that he would speak to Government of India on this issue.

During his meeting with the President of the National Council of the Republic of Austria, H.E. Mr. Wolfgang Sobotka, Shri Birla referred to the close ties between the two nations and reiterated commitment to strengthening democracy, especially at grass roots level. The two leaders also spoke about the India's successful COVID-19 vaccination model and post pandemic economic recovery. Shri Birla informed that everyday India is vaccinating a population size equal to Austria's total population. Women empowerment and deepening of grass roots democracy and efforts for building inclusive societies were also discussed during the meeting.

At his meeting with Speaker of Jatiyo Shangsad of Bangladesh H.E. Dr. Shirin Sharmin Chaudhury, Shri Birla and his Bangladeshi counterpart exchanged pleasantries on India's Azadi Ka Amrit Mahotsav and Golden Jubilee year of Bangladesh's independence. While reiterating that India attaches great value to its relations with Bangladesh, Shri Birla discussed with Dr. Sharmin several matters, such as best practices in two Parliaments, COVID-19 vaccination, Vaccine Maîtri, women empowerment, capacity building, etc. He invited lawmakers of Bangladesh to avail training facilities offered by PRIDE.

In his meeting with H.E. Ms. Esperança Bias, President of the Assembly of the Republic of Mozambique, the two leaders discussed about several issues of mutual interest, including giving an impetus to trade relations, combating the Covid-19 and capacity building of the Members of Parliament of Mozambique.

During the day, Shri Birla also met the Speaker of National Assembly of Zimbabwe H.E. Mr. Jacob Francis Mudenda and discussed about historical & cordial relations between the two countries. India's COVID containment strategy, vaccination programme & capacity building of Zimbabwe’s MPs also found mention in their talks.

On the sidelines of the Conference, Shri Birla met with the Chairperson of the National Council of Namibia, Mr. Lukas Sinimbo Muha, Mr. Muha expressed his thanks for Indian assistance to Namibia in terms of scholarships & training programmes for MPs & museum development. Exchange of Cheetah tigers between India and Namibia and Mukundara Hills Tiger Reserve found special mention during the talks.